न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, अलवर

पीठासीन अधिकारी – श्री प्यारे लाल सोठवाल (आर.ए.एस.)

प्रकरण संख्या	तारीख दायर	तारीख निर्णय
3/37	1-4-2022	22-4-2022

बउनवान

1– प्रहलाद
2– रामकरण
3–सीताराम पिता भगवान सहाय निवासी ग्राम रोगडा तहसील व जिला अलवर।

––प्रार्थी

बनाम

1–राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार अलवर।

––अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र धारा अन्तर्गत 136

: निर्णय :

प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राज0भू0अधि0 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि हाल जमाबन्दी ग्राम भजेडा संवत 2070–2074 में खसरा नम्बर खसरा नम्बर 2681 रकबा 1.52 है0 प्रार्थीगण की खातेदारी की आराजी है। वक्त आवन्टन खसरा नम्बर 1458/1513 रकबा 3 बीघा, 1458/1514 रकबा 03 बीघा जिसके हाल खसरा नम्बार 2481 रकबा 1.52 है0 जिस पर आज भी काबिज है। सैटेलमेन्ट संवत 2051 में हम खातेदारों को जहां तक आवन्टन के वक्त काबिज थे। वहां के स्थान पर दूसरी जगह नक्शें में परिवर्तन कर दिया। प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि वक्त आवन्टन से जहां काबिज है। वहीं पर नक्शा दुरूस्त करने की कृपा करें।

प्रार्थना पत्र पर उप तहसीलदार बहादरपुर की रिर्पोट ली गई उप तहसीलदार बहादरपुर ने अपनी रिर्पोट में अंकन किया कि हाल खसरा नम्बर 2681 रकबा 1.52 है0 किस्म बारानी में खातेदार प्रहलाद,रामकरण,सीताराम पुत्रान भगवान सहाय जाति गुर्जर निवासी रोगडा खातेदार का नाम कलमजन किया जाकर भूमि को चारागाह एवं हाल खसरा नम्बर 2484 रकबा 9.61 है0 चारागाह में से 2684 मिन रकबा 1.52 है0 भूमि खातेदार **प्रहलाद, रामकरण सीताराम** पुत्रान भगवान सहाय जाति गुर्जर निवासी रोगडा के नाम दर्ज कर नक्शा दुरूस्ती किये जाने की अनुशंषा की है।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया एवं उप तहसीलदार बहादरपुर की अनुशंषा पर मनन किया। प्रार्थना पत्र उप तहसीलदार बहादरपुर की अनुशंषा के आधार स्वीकार किया जाता है। आराजी खसरा नम्बर 2681 रकबा 1.52 है0 किस्म बारानी प्रथम मे से प्रार्थीगण का नाम कलमजन किया जाकर हाल खसरा नम्बर 2484 रकबा 9.61 है0 चारागाह में से 2684 मिन रकबा 1.52 है0 भूमि प्रार्थीगण **प्रहलाद, रामकरण सीताराम** पुत्रान भगवान सहाय जाति गुर्जर निवासी रोगडा के नाम दर्ज कर नक्शा दुरूस्ती किये जाने के आदेश दिये जाते है। निर्णय की प्रमाणित प्रति तहसीलदार अलवर को पालनार्थ भिजवाई जावें।

उपखण्ड अधिकारी
अलवर

(प्यारे लाल सोठवाल)
उपखण्ड अधिकारी
अलवर